एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रणवीर ने छेड़ा तो दीपिका पादुकोण ने हर बीवी की तरह दिया करारा जवाब

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलिवुड के सबसे चहेते कपल्स में से एक हैं। ऑनस्क्रीन हो या ऑफस्क्रीन, फैन्स को इनको साथ देखना हमेशा अच्छा लगता है। सिर्फ कैमरे पर ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी दोनों अकसर मस्ती करते नजर आते हैं। सोशल मीडिया पर दीपिका और रणवीर एक-दूसरे की टांग खींचने से बाज नहीं आते। एक बार फिर दोनों की ऐसी ही मस्ती देखने को मिली है। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर अपने स्कूल रिपोर्ट्स की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इनमें से एक पर लिखा था कि दीपिका को निर्देश का पालन करना सीखना चाहिए। इसपर रणवीर सिंह ने कॉमेन्ट किया कि वह टीचर से सहमत हैं। पति के ऐसे कॉमेन्ट के बाद दीपिका का वही रिऐक्शन था जो किसी भी बीवी का होता। रणवीर के इस कॉमेन्ट पर रिप्लाई करते हुए दीपिका ने लिखा, आज रात को तुम्हें खाना नहीं मिलेगा। बता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण फिल्म 83 में साथ नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 1983 में भारतीय क्रिकेट टीम के वर्ल्ड कप जीतने के सफर पर बेस्ड है।

'तेरा क्या होगा आलिया' में हुई बिजल जोशी की एंट्री

'लेडीज स्पेशल' में आखिरी बार नजर आई ऐक्ट्रेस बिजल जोशी अब टीवी शो 'तेरा क्या होगा आलिया' में नजर आएंगी। इस शो में एक शादीशुदा जोड़े आलिया और आलोक की कहानी दिखाई गई है। दोनों हाई-स्कूल से ही एक दूसरे को पसंद करते थे और शादी के बाद अब उसी स्कूल में पढ़ाते भी हैं। शो में आलिया का किरदार टीवी ऐक्ट्रेस अनुषा मिश्रा ने निभाया है। वहीं आलिया के पति आलोक के रोल में ऐक्टर हर्षद अरोड़ा नजर आ रहे हैं। अब शो में बिजल जोशी की एंट्री होने वाली है। शो में किरदार के बारे में बात करते हुए बिजल ने कहा, 'इसमें मैं अप्सरा नाम की लड़की की भूमिका निभाने वाली हूं। वह आलिया और आलोक की जिंदगी में अशांति लाने वाली है।' बिजल ने बताया कि अप्सरा एक चुलबुली गुजराती लड़की है और उसके लहजे में काठियावाड़ी प्रभाव झलकता है। ऐक्ट्रेस ने आगे कहा, 'सच कहूं तो मुझे ऐसा लगता है कि यह भूमिका मेरे लिए ही लिखी गई थी। हालांकि शो में यह एक छोटी भूमिका है।' 'तेरा क्या होगा आलिया' सोनी सब पर प्रसारित होता है।

तनिष्ठा चटर्जी को बुसान फिल्मोत्सव में मिला एशियन स्टार अवार्ड

अभिनेत्री तनिष्ठा चटर्जी को प्रतिष्ठित बुसान अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव के 24वें संस्करण में एशियन स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें उनके निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म रोम रोम में के लिए मिला। तनिष्ठा इस उपलब्धि को अपनी टीम के लिए एक बहुत बड़ा गौरव मानती हैं। टीम ने इस फिल्म को बनाने में काफी मेहनत की।

तनिष्ठा ने कहा, एक निर्देशक के तौर पर मेरी इस डेब्यू फिल्म का सबसे बड़े फिल्म फेस्टिवल में से एक में आधिकारिक चयन होना ही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है और इससे भी बड़ी बात एशिया स्टार अवार्ड जीतना है। इससे ज्यादा अच्छा मेरे लिए कुछ और नहीं हो सकता।

फिल्म की कास्ट और क्रू की उपस्थिति में इस अवार्ड को मैरी क्लेयर और बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

तनिष्ठा की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ वैलेंटिना कोर्टी, ईशा तलवार, फ्रांसेस्को एपोलीनी, उरबानो बार्बेरिनी, पामेला विलेरोसी और एंड्रिया स्कार्डुजियो जैसे कलाकार भी हैं। यह एक बहुभाषी फिल्म है जो हिंदी, अंग्रेजी और इतालवी में बनी है।